सराहनीय कार्य
इटावा पुलिस

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस नोट-दिनांक 19.05.2026

#CRACKDOWN

- **इटावा पुलिस एवं हिस्ट्रीशीटर/बदमाश के बीच मुठभेड़ ।**
- **अपराध नियंत्रण की दिशा में कार्य करते हुए इटावा पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ मे गिरफ्तार ।**
- **कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 खोखा कारतूस व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर तथा घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल (एचएफ डीलक्स) बरामद ।**

पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर इटावा के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना फ्रेण्ड्स कॉलोनी पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही ।

घटना /गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरण:-

जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु **वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव** के निर्देशों के क्रम में दिनांक 19.05.2026 को थाना फ्रेण्ड्स कॉलोनी पुलिस टीम थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी । आरओआईपी द्वारा सूचना प्राप्त हुयी कि एक व्यक्ति दतावली नहर पुल पर पूर्व से खडे व्यक्ति से आकर टकराया । इस बात का विरोध खडे व्यक्ति ने किया तो वह व्यक्ति उसे तमंचा दिखाकर डराते धमकाते हुये दतावली पुल से लोकासाई नहर पुल की तरफ चला गया । इस सूचना पर थाना फ्रेण्डस कॉलोनी पुलिस द्वारा लोकासाई नहर पुल के पास संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जाने लगी तभी एक व्यक्ति दतावली नहर पुल की तरफ से लोकासई नहरपुल की ओर आता दिखाई दिया जिसे पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किया तो मोटर साइकिल सवार व्यक्ति नहर पटरी के किनारे जामुन के बाग की तरफ भागने लगा । पुलिस टीम द्वारा मोटर साइकिल सवार व्यक्ति का पीछा किया गया तो मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर गिर गई । अभियुक्त ने स्वयं को पुलिस टीम से घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की । पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में **अभियुक्त शिवम वाल्मिकी पुत्र मुन्नालाल के दाहिने पैर में गोली लगी जिसे घायल अवस्था में 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 खोखा कारतूस व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर तथा घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल (एचएफ डीलक्स) सहित गिरफ्तार किया गया ।**

घायल अभियुक्त शिवम वाल्मिकी पुत्र मुन्नालाल को उपचार हेतु जिला अस्पताल भिजवाया गया ।

उक्त गिरफ्तारी, बरामदगी और पुलिस मुठभेड़ के संबंध में थाना फ्रेण्ड्स कॉलोनी पर मु0अ0सं0 136/2026 धारा 317(2) /109(1) बीएनएस(पु0मु0) व धारा 3/25/27 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

गिरफ्तार अभियुक्त:-

1. शिवम वाल्मिकी पुत्र मुन्नालाल निवासी पंसारी टोला थाना कोतवाली जनपद इटावा **उम्र करीब 28 वर्ष ।**

नोट:- अभियुक्त शिवम वाल्मिकी पुत्र मुन्नालाल शातिर किस्म का आदतन अपराधी है तथा थाना कोतवाली से हिस्ट्रीशीटर HS 26(B) है । जिसके विरुद्ध हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट, चोरी, छिनैती, लूट, अवैध हथियार रखना, मादक पदार्थों की तस्करी आदि से सम्बन्धित कुल 17 अभियोग पंजीकृत है ।

पंजीकृत अभियोग-

1. मु0अ0सं0 136/2026 धारा 317(2)/109(1) बीएनएस(पु0मु0) व धारा 3/25/27 आयुध अधिनियम थाना फ्रेण्ड्स कॉलोनी जनपद इटावा।

आपराधिक इतिहास-

शिवम वाल्मिकी पुत्र मुन्नालाल HS-26(B)

1. मु0अ0सं0 91/2021 धारा 380/411 भादवि थाना सिविल लाइंस जनपद इटावा।
2. मु0अ0सं0 446/2022 धारा 3/25 आयुध अधिनियम थाना सिविल लाइंस जनपद इटावा।
3. मु0अ0सं0128/2025धारा3(1)(घ)/3(1)(द)/3(2)(va)एससी एसटी एक्ट 1989 व धारा 115(2)/351(3)/352 बीएनएस 2023 थाना जसवंत नगर जनपद इटावा।
4. मु0अ0सं0 129/2021 धारा 379/411 भादवि थाना कोतवाली जनपद इटावा।
5. मु0अ0सं0 62/2025 धारा 304(2)/317(2)/61(2) बीएनएस व धारा 20/8 स्वापक औषधि और मन:प्रभावी पदार्थ अधि0,1985 थाना कोतवाली जनपद इटावा।
6. मु0अ0सं0 132/2021 धारा 392/411 भादवि थाना फ्रेण्डस कालोनी जनपद इटावा।
7. मु0अ0सं0 162/2021 धारा 392/411 भादवि थाना फ्रेण्डस कालोनी जनपद इटावा।
8. मु0अ0सं0 304/2021 धारा 392/411 भादवि थाना फ्रेण्डस कालोनी जनपद इटावा।
9. मु0अ0सं0 306/2021 धारा 25/4 आयुध अधि0 1959 थाना फ्रेण्डस कालोनी जनपद इटावा।
10. मु0अ0सं0 386/2021 धारा 2/3 उ0प्र0 गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधि0,1986 थाना फ्रेंण्डस कालोनी जनपद इटावा।
11. मु0अ0सं0 52/2023 धारा 392/411 भादवि थाना कोतवाली जनपद इटावा।
12. मु0अ0सं0 59/2023 धारा 356 भादवि थाना कोतवाली जनपद इटावा।
13. मु0अ0सं0 62/2023 धारा 25/3 आयुध अधि0 थाना कोतवाली जनपद इटावा।
14. मु0अ0सं0 109/2021 धारा 392/411 भादवि थाना इकदिल जनपद इटावा।
15. मु0अ0सं0 120/2021 धारा 25/3 आयुध अधि0 थाना इकदिल जनपद इटावा।
16. मु0अ0सं0 330/2021 धारा 2/3 उ0प्र0 गिरोहबंद समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधि0 थाना इकदिल जनपद इटावा।
17. मु0अ0सं0 136/2026 धारा 317(2)/109(1) बीएनएस(पु0मु0) व धारा 3/25/27 आयुध अधिनियम थाना फ्रेण्ड्स कॉलोनी जनपद इटावा।

बरामदगी:-

1. 01 अवैध तमंचा 315 बोर
2. 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर
3. 02 खोखा कारतूस 315 बोर
4. 01 मोटर साइकिल एचएफ डीलक्स **(घटना में प्रयुक्त)**

पुलिस टीम- थानाध्यक्ष फ्रेण्ड्स कॉलोनी श्री अमित मिश्रा, उ0नि0 भारत सिंह, उ0नि0 सौरभ सिंह, उ0नि0 सत्यपाल सिंह, हे0का0 मोहित कुमार, का0 मनोज कुमार, का0 रविन्द्र चौहान, बलदेव चौधरी, का0 मनोज सोलंकी, का0 योगेश सिंह, का0 राहुल कुमार, का0 संसार सिंह, का0 मो0 दानिश, चालक का0 पुष्पेन्द्र कुमार।